वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi- 110 001

सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
The Innovation Engine of India

**4-2(39/Isolate rect.)/2025-HR-II**

Dated 27.06.2025

प्रेषक

**संयुक्त सचिव (प्रशासन)**
**Joint Secretary (Admn.)**

सेवा में,

सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों के निदेशक/प्रमुख

**विषय: राजभाषा अनुभाग में रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में यह यह अवगत कराना है कि माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की विभिन्न प्रयोगशालाओं/संस्थानों के निरीक्षण के दौरान यह महत्वपूर्ण तथ्य रेखांकित किया गया है कि अनेक संस्थानों में राजभाषा अनुभाग के स्वीकृत पद विगत कई वर्षों से रिक्त हैं।

इस संबंध में सीएसआईआर द्वारा माननीय समिति को यह आश्वासन प्रदान किया गया है कि इन पदों की भर्ती एक निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। यह भी उल्लेखनीय है कि इन रिक्तियों के कारण राजभाषा से संबंधित कार्यों की नियमितता एवं प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे संस्थागत कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है।

अतः मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि राजभाषा अनुभाग से संबंधित वे सभी रिक्त पद, जो भारत सरकार के व्यय विभाग (DoE) के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 04.01.2024 के अनुसार deemed abolished की श्रेणी में नहीं आते, उनकी भर्ती प्रक्रिया **मिशन मोड** में यथाशीघ्र प्रारंभ की जाए। कृपया यह सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि ऐसे समस्त पद दिनांक **31 मार्च 2026** तक भर दिए जाएं।

आपसे यह भी अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही से संबंधित **अवगतिपरक रिपोर्ट** यथासमय सीएसआईआर मुख्यालय को so.hrii@csir.res.in पर प्रेषित करें।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरांत जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

27/06/25

(सुनील कुमार)
उप सचिव

**प्रतिलिपि:** - आईटी प्रभाग - इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीएसआईआर वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए।

Phones : EPABX-23710138, 23710144, 23710158, 23710468, 23710805, 23711251, 23714238, 23714249, 23714769, 23715303
Fax : 91-11-23714788
Website : http://www.csir.res.in